अमेरिकी न्याय मंत्रालय सामुदायिक संबंध व्यवस्था

# मध्यस्थता द्वारा संघर्षों को सुलझाने में समुदायों की मदद करना

अमेरिकी न्याय मंत्रालय सामुदायिक संबंध व्यवस्था (CRS) समुदायों को जाति, रंग, राष्ट्रीय मूल, लिंग, लिंग पहचान, यौन अभिविन्यास, धर्म या विकलांगता के आधार पर विवादों और झगड़े को सुलझाने में मदद करने के लिए मध्यस्थता सेवाएं प्रदान करता है।

CRS मध्यस्थता एक संरचित और औपचारिक प्रक्रिया है जहां, स्थानीय समुदायों को प्रभावित करने वाले मुद्दों की पहचान करने और इन मुद्दों को हल करने के लिए समझौते विकसित करने के लिए, जो पक्ष संघर्ष में हैं वे मिलते हैं। मध्यस्थता एक संघर्ष समाधान प्रक्रिया है जो स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाता है ताकि वे ऐसे समाधान विकसित कर सके जो, मुकदमेबाजी या हिंसा के विकल्प के रूप में उनको काम आते हैं।

## मध्यस्थता के उदाहरण

स्कूल प्रशासकों, माता-पिता और छात्रों की मदद करना स्कूलों में जातीय संघर्षों को हल करने में

समुदाय-पुलिस संबंधों में सुधार के लिए योजना बनाने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सामुदायिक समूहों के साथ काम करना

कानून प्रवर्तन, विश्वास-आधारित समूहों और नागरिक अधिकार संगठनों के बीच समझौतों को सुगम बनाना और स्थानीय समुदाय को प्रभावित करने वाले घृणा अपराधों और पूर्वाग्रह की घटनाओं को संबोधित करना

## मध्यस्थता सेवाओं का अवलोकन



Getty Images

**स्वैच्छिक भागीदारी।** CRS मध्यस्थता एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा पक्षों बातचीत और मोलभाव से मुद्दों को सुलझाने का प्रयास करते हैं।

**मध्यस्थता समझौते।** मध्यस्थता सत्र में विकसित समझौतों को एक लिखित दस्तावेज में संरक्षित किया जा सकता है जो पक्षों मध्यस्थ समक्ष हस्ताक्षरित करते हैं। इन गैर-प्रवर्तनीय और सद्भावना दस्तावेजों को अक्सर समझौता ज्ञापन या सहमति का ज्ञापन कहते हैं।

**गोपनीयता।** CRS मध्यस्थ प्रतिभागियों की गोपनीयता, प्रक्रिया के हिस्से के रूप में बनाए रखते हैं और मीडिया, संगठनों या व्यक्तियों सहित बाहरी संस्थाओं के साथ मध्यस्थता सत्र के दौरान मिली जानकारी को साझा नहीं करते हैं।

**निष्पक्षता।** CRS मध्यस्थता प्रक्रिया के दौरान, किसी भी पक्ष या विशेष मुद्दे के लिए समर्थन नहीं करता है। बल्कि, मध्यस्थ एक निष्पक्ष और उचित प्रक्रिया देने पर केंद्रित है जो पक्षों को समझौते विकसित करने में सहायता करे।

## CRS के बारे में


1964 के नागरिक अधिकार अधिनियम के टाइटल 10 तहत स्थापित और मैथ्यू शेपर्ड और जेम्स बर्ड, जूनियर द्वारा विस्तारित, 2009 का हेट क्राइम प्रिवेंशन एक्ट, CRS उन समुदायों जो नस्ल, रंग, राष्ट्रीय मूल, लिंग, लिंग पहचान, यौन अभिविन्यास, धर्म और विकलांगता के अंतर के आधार पर तनाव या संघर्ष का सामना करते हैं, उनके लिए "अमेरिका के शांतिदूत" के रूप में कार्य करता है। समस्या समाधान, ज्ञान में वृद्धि और बेहतर संचार के उपयोग के द्वारा CRS सेवाओं का उद्देश्य स्थानीय समुदायों की क्षमता को स्वतंत्र रूप से और सहयोगात्मक रूप से भविष्य के संघर्षों को रोकने और हल करने की क्षमता को बढ़ाना है।

## CRS सेवाएं और कार्यक्रम

तनाव अनुभव करते हुए समुदायों को CRS कार्यक्रमों की एक श्रृंखला प्रदान करता है जो समझ पैदा करते हैं, सहयोग में सुधार करते हैं, और भविष्य के संघर्षों को रोकते हैं। CRS कर्मचारी पेशेवर मध्यस्थ, सूत्रधार, प्रशिक्षक और सलाहकार होते हैं जो समुदाय के सदस्यों को मौजूदा संघर्षों को हल करने और भविष्य के संघर्षों को रोकने की उनकी क्षमता को बढ़ाने के लिए एक साथ लाने में अनुभवी होते हैं।

## हम कहाँ काम करते हैं

- न्यू इंग्लैंड क्षेत्र
- पूर्वोत्तर क्षेत्र
- मध्य-अटलांटिक क्षेत्र
- दक्षिणपूर्वी क्षेत्र
- मध्य पश्चिमी क्षेत्र
- दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र
- मध्य क्षेत्र
- रॉकी पर्वतीय क्षेत्र
- पश्चिमी क्षेत्र
- उत्तर पश्चिमी क्षेत्र
- क्षेत्रीय कार्यालय
- प्रादेशिक कार्यालय
- CRS मुख्यालय कार्यालय




## हमें ढूंढें, हमसे जुड़ें

**www.justice.gov/crs** **www.justice.gov/hatecrimes**

facebook.com/DOJCRS/ @DOJ_CRS askcrs@usdoj.gov 202.305.2935

इस कार्यक्रम या अन्य CRS सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने स्थानीय CRS कार्यालय से संपर्क करें:

https://www.justice.gov/crs/about-crs/regional-and-field-offices